विचार

अगर आप के पास असफल होने की गुंजाइश नहीं है तो आप विकास भी नहीं कर सकते।

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

| | |
|---|---|
| वर्ष | 3 |
| अंक | 31 |
| पृष्ठ | 4 |
| मूल्य | 2 रुपए |

पता : कंकड़बाग, पटना 3

पटना से प्रकाशित

पटना। बुधवार, 26 अप्रैल, 2023 | www.dainikbiharpatrika.com | संपादक : कृष्णा टेकरीवाल | +91-9801716267 | dainikbiharpatrika@gmail.com

## हंगामेदार रही अमरपुर नगर पंचायत की बैठक, पेयजल का मुद्दा गरमाया

अमित कुमार झा

**बांका।** जिलांतर्गत अमरपुर नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद रीता साहा ने किया। बैठक में पूर्व की बैठक में लिये गये प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य पार्षद रीता साहा ने चौदह वार्ड में दो-दो समरसेबल, शहर के आदर्श मध्य विद्यालय बालक के समीप स्थित शौचालय तथा पुरानी चौक के समीप स्थित शौचालय का जीर्णोद्धार करने का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही नगर पंचायत कार्यालय में आने वाले आगन्तुकों के लिए पेयजल की व्यवस्था करते हुए आरओ लगाने की मांग किया गया। मौके पर पार्षद शंकर महतो, पार्षद प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू साह, पार्षद पंकज दास, पार्षद नागेश्वर तपस्वी, पार्षद अशोक साह समेत उपस्थित अन्य पार्षदों ने पीएचईडी विभाग के द्वारा किये जा रहे पेयजल योजना पर सवाल उठाते हुए जमकर बवाल किया। वार्ड पार्षद



पंकज दास ने कहा कि लगभग सात करोड़ की योजना से पीएचडी विभाग के द्वारा पेयजल योजना का कार्य किया जा रहा है।

जिसमें लगभग चार करोड़ रुपया नगर पंचायत के द्वारा पीएचईडी विभाग को भुगतान कर दिया गया है लेकिन कार्य अब तक पूर्ण नहीं किया गया है, जबकि सन् 2022 तक कार्य पूरा करने का समय अवधि पीएचईडी विभाग को दी गई थी।

वार्ड पार्षद नागेश्वर तपस्वी, पिंटू मंडल, प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू साह ने कहा कि पीएचईडी विभाग अपनी मनमानी करते हुए नालों में पाईप बिछा रहे हैं जो आनेवाले समय में नाला निर्माण के दौरान वार्डवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वार्ड पार्षद ने कहा कि जब भी कोई वार्ड पार्षद कार्य का विरोध करता है तो पीएचईडी जेई रविश कुमार के द्वारा प्रतिनियुक्त ठेकेदार को झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर वार्ड पार्षद को चुप करा देते हैं। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मिठ्ठू भगत ने कहा कि आज वार्ड नंबर तेरह में पानी से कीड़ा निकल रहा है। वार्डवासियों में पीने की पानी के लिए हाहाकार मचा है और पीएचईडी विभाग अपने कानों में रूई डालकर बैठी हुई है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजेश कुमार उर्फ संजय साह ने पीएचईडी विभाग के जेई को अविलंब नालों में दिये गये पाईप को हटाने का निर्देश देते हुए वार्डवासियों को पानी मुहैया कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद को कहा गया जबतक पेयजल योजना कार्य पूर्ण नहीं हो जाता है तबतक पीएचईडी विभाग को बची हुई राशि पर रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही बजट बनाने से लेकर अन्य कार्य नगर पंचायत के प्रधान सहायक से कराने की निर्देश पारित किया। इस अवसर पर उप- मुख्य पार्षद आशा देवी, वार्ड पार्षद नीलम झा, नमिता देवी, रेखा देवी, मनीषा कुमारी, तारा देवी, ब्रह्मदेव मंडल उर्फ पप्पू मंडल, नगर पंचायत के कर्मी आकाश कुमार, राजीव पाठक, दीपक कुमार, श्रीकांत कुमार समेत सभी वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

### न्यूज एक नजर

### रेफरल अस्पताल में किया गया स्वास्थ्य विभाग का सप्ताहिक बैठक किया गया

बिहार पत्रिका। मों साजिद

**गोगरी / खगड़िया।** रेफरल अस्पताल गोगरी में मंगलवार को सप्ताहिक बैठक चिकित्सा प्रभारी डॉ चन्द्रप्रकाश के किया गया। जानकारी के अनुसार कि हर सप्ताह एएनएम जीएनएम आशा कर्मी का स्वास्थ विभाग संबंधित बैठक होता है मौके पर गोगरी अनुमंडल के सभी आशा कर्मी, नर्स, हरूरहीं

मौजूद एवं प्रभारी और मैनेजर के द्वारा कई दिशा निर्देश दिया गया प्रखंड में कोविड-19, चिकन पॉक्स, लू और कई तरह के मामले देखने को मिला जिसको लेकर आज सभी के साथ सप्ताहिक बैठक करके चिकित्सा प्रभारी के द्वारा मरीजों की किस तरह देखभाल करनी चाहिए एवं लोगों को जागरूक किस तरह करनी चाहिए इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### कैपिटल एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में लग रही आग को नवगछिया के युवक ने किया काबू

किशनगंज के बाद गैसाल के समीप हुई घटना




**बिहार पत्रिका/नवगछिया।** राजेंद्र नगर टर्मिनल से खुलकर कामाख्या को जा रही 13248 डाउन कैपिटल एक्सप्रेस के किशनगंज से खुलने के बाद गैसाल स्टेशन के समीप स्लीपर कोच एस थ्री के चक्के में आग लग गई। इसी ट्रेन के एस टू कोच में यात्रा कर रहे नवगछिया के जांबाज युवक कुणाल गुप्ता को इसकी भनक लग गई। भनक लगते ही कुणाल ने चैन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन में आग की खबर भी आग की तरह फैलते ही यात्रियों के बीच अफरा तफरी का माहौल बन गया। इधर ट्रेन के विभिन्न कोच में रखे एक दर्जन से अधिक अग्निशामक संयंत्र की सहायता से आग पर काबू पा लिया। वहीं ट्रेन में यात्रा कर रहे समाजसेवी युवक कुणाल गुप्ता ने बताया कि ट्रेन में अग्निशामक यंत्र रहते तो हैं, लेकिन किसी को इसके उपयोग के तरीके की जानकारी नहीं थी। साथ यात्रा कर रहे ललित गुप्ता और भूषण सिंह ने इस कार्य में सहयोग किया। इस दौरान ट्रेन को काफी देर रुकना पड़ा। वहीं यात्री लोग दूर खड़े होकर वीडियो बनाते देखे गए।

## नरपतगंज में ट्रेन के ठहराव के लिए युवाओं ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन



बिहार पत्रिका। अररिया

जोगबनी से दानापुर और जोगबनी से सहरसा डेली एक्सप्रेस ट्रेन चलने की तय तिथि और जारी समय सारिणी में नरपतगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं किए जाने को लेकर नरपतगंज के लोगों में खासा आक्रोश है। इसको लेकर मंगलवार को युवाओं ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव की मांग की। युवाओं ने महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर और रेल मंत्री के नाम एक ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। इस दौरान युवाओं ने नरपतगंज रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों के नहीं रोके जाने पर अपना रोष जाहिर किया और नरपतगंज में युवाओं ने ट्रेन ठराहव को लेकर हस्ताक्षर अभियान चला कर सैकड़ों हस्ताक्षर प्रतिलिपि ज्ञापन के साथ दिया गया।नरपतगंज रेलवे स्टेशन पर ज्ञापन देने पहुंचे युवाओं ने कहा कि जोगबनी से दानापुर और जोगबनी से सहरसा डेली एक्सप्रेस ट्रेनों को चलाने के लिए जारी समय सारणी में नरपतगंज स्टेशन में ठहराव नहीं दिया है जबकि नरपतगंज रेलवे स्टेशन अररिया जिले का आखिरी और काफी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है।यह स्टेशन राष्ट्रीय राजमार्ग-27 और जयनगर - घूरना नेपाल बॉर्डर तक जोड़ने वाली दो महत्वपूर्ण मार्गों से जुड़ा हुआ है। नरपतगंज एक विधानसभा क्षेत्र है। जहाँ घनी आबादी निवास करती है। इस क्षेत्र के अधिकांश मजदूर वर्ग अपनी जीविका चलाने के लिए अन्य प्रदेश पटना होकर ही जाते है। जिसके लिए मात्र एक साधन बस है। जो काफी खर्चीला व खतरों से भरा है। यहाँ के छात्र व्यापारी, एवं कारोवारी क्रमशः उच्च शिक्षा और व्यापार के लिए पटना पर ही आश्रित है।यहाँ के अधिकांशतः बीमार लोग अपना इलाज के लिए पटना आना जाना रहता है जो मात्र रेलवे ही एक सुलभ साधन होगी ।सभी रेलगाड़ियों का ठहराव नरपतगंज रेलवे स्टेशन पर होने से यहाँ के क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।हस्ताक्षर अभियान के सहयोगी मुख्य रूप से विशेष कुमार ठाकुर, विकास कुमार राय, सूर्यनारायण राय, पप्पू झा, नितेश मोदी, आशीष शर्मा, राजीव सहनी, अभिनंदन राय, सोनू शर्मा, दुखा भगत, देव नारायण मोदी, कुमोद यादव, श्याम राय आदि शामिल थे।

## जाली डिग्री वाले शिक्षकों की जांच तीन महीने में करें



बिहार पत्रिका। पटना

जाली डिग्री के आधार पर नियुक्त शिक्षकों की बहाली मामले में पटना हाइकोर्ट ने निगरानी विभाग को तीन महीने में जांच पूरी करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. विनोद चन्द्रन और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद की खंडपीठ ने रंजीत पंडित की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई की। न्यायालय ने गत दिनों राज्य सरकार को एक समय सीमा निर्धारित करने का आदेश दिया था, जिसके तहत सभी संबंधित शिक्षक को अपनी डिग्री व अन्य कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मामले पर अगली सुनवाई की तारीख आगामी 7 अगस्त तय की। कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार एवं निगरानी विभाग द्वारा दायर हलफनामा में 75 हजार से ज्यादा शिक्षकों का फोल्डर नहीं मिलने की बात कही गई है। आवेदक के अधिवक्ता दीनू कुमार ने कोर्ट को बताया कि बड़ी संख्या में जाली डिग्रियों के आधार पर राज्य में शिक्षकों की बहाली हुई है।

## राजा हत्याकांड में अब तक पुलिस के हाथ खाली

क्षेत्र में बना हुआ है दहशत का माहौल




**बिहार पत्रिका। बांका।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के कुशमाहा गांव में शाहकुंड के रसुल्ला गांव के मो0 राजा की हत्या मामले में दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। हत्या में शामिल बदमाशों के नहीं पकड़े जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस इलाके में दशकों से हत्या, लूट, छिनतई आदि घटनाएं बंद थी लेकिन रविवार को दिनदहाड़े युवक की हत्या कर दिए जाने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। इस हत्याकांड में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग मृतक के परिजनों के अलावा स्थानीय लोगों ने पुलिस से की है। मालूम हो कि रविवार को दिनदहाड़े शाहकुंड थानाक्षेत्र के रसुल्ला गांव के मो0 राजा की अमरपुर थानाक्षेत्र के कुशमाहा गांव में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आक्रोशित लोगों ने दौना मोड़ पर सड़क जाम कर बदमाशों को पकड़ने की मांग की थी, पुलिस ने भी आश्वासन दिया था कि जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने कहा कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है, जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## शंभुगंज में ऑटो और ट्रैक्टर की भिड़ंत में घटनास्थल पर मौत

दो की हालत गंभीर, भागलपुर रेफर

अमित कुमार झा

**बांका।** जिलांतर्गत ईंगलिशमोड़- मुख्य सड़क पर सोनडीहा मोड़ के समीप ट्रैक्टर और ऑटो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हो गई। वहीं दो लोगों को नाजुक स्थिति में अस्पताल प्रभारी डा0 अजय शर्मा ने भागलपुर रेफर कर दिया। मृतक की पहचान मुंगेर जिलांतर्गत खड़गपुर थानाक्षेत्र के बैजलपुर निवासी 50 वर्षीय विद्यापति दास के रूप में हुई है। बांकि जख्मी में विद्यापति दास की 12 वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी, मुंगेर जिले के फरीदपुर निवासी 22 वर्षीय नवीन भूषण शामिल हैं। घटना मंगलवार की शाम करीब चार बजे हुई है। जानकारी के अनुसार विद्यापति दास की बड़ी पुत्री प्रीति कुमारी की शादी फुल्लीडुमर के कुमारपुर गांव में हुई थी। दो दिन पूर्व विद्यापति छोटी पुत्री राधिका कुमारी के साथ बड़ी बेटी से मिलने कुमारपुर आया था। मंगलवार को भोजन करने के बाद दोनों पिता- पुत्री घर बैजलपुर के लिए निकले, इसके लिए कुमारपुर मोड़ पर ऑटो पर सवार होकर असरगंज की तरफ आ रहा था। उस ऑटो पर पहले से फरीदपुर के नवीनभूषण भी सवार थे। उक्त स्थान के समीप बेकाबू ट्रैक्टर चालक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो बीच सड़क पर पलट गया। आवाज सुन स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे और किसी तरह ऑटो के नीचे दबे सभी लोगों को बाहर निकाला। इस दौरान विद्यापति की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना थाना को दी गई। सूचना पर जबतक पुलिस पहुंचती ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। वहीं ऑटो चालक भी सड़क पर वाहन छोड़ फरार हो गया। घटना की जानकारी जैसे ही कुमारपुर गांव में हुई विद्यादास की पुत्री प्रीति, दामाद कपिल दास सहित अन्य स्वजन सोनडीहा मोड़ पहुंचे, जहां विद्यापति के शव को देखते ही प्रीति अचेत हो गई। स्वजनों ने कुछ देर के लिए सड़क पर हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस के समझाने- बुझाने पर लोग शांत हुए। अंततः थानाध्यक्ष पंकज कुमार राउत ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया। साथ ही बताया कि ट्रैक्टर और चालक का पता लगाया जा रहा है। पीड़ित स्वजनों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने पीड़ित स्वजनों को आपदा से मिलने वाली सहायता राशि दिलाने का भरोसा दिया है। विद्यापति दास के पांच संतानों में दो पुत्र कृष्ण कुमार एवं संजीव कुमार है। तीन पुत्री में प्रीति, सोनी और राधिका है। प्रीति की शादी करीब दो वर्ष पूर्व कुमारपुर में हुई बांकि सभी भाई- बहन अविवाहित हैं। विद्यापति दास गांव घर में खेती- किसानी के साथ दिहाड़ी का काम कर किसी तरह परिवार का भरण- पोषण करता था। इस घटना के बाद स्वजनों पर मानों गमों का पहाड़ टूट पड़ा हो।




## अकबरनगर थाने में फ्लैशलाइट से लिखी जाती है एफआईआर

बिहार पत्रिका। भागलपुर

सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत अकबरनगर में तेज आंधी-पानी ने थाने में बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। यहां एक इन्वर्टर तक नहीं है। विभाग से एक जेनरेटर दिया गया है लेकिन अबतक कनेक्शन नहीं होने से थाना में शोभा की वस्तु बना हुआ है। भागलपुर में 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवा ने बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। जिलांतर्गत अकबरनगर में बीती रात आई आंधी और बारिश के बाद बिजली आपूर्ति चरमरा गई। आम दिनों में भी बिजली गुल होते ही पूरा थाना परिसर अंधेरे में डूब जाता है। पुलिस ने मोबाइल फोन की रोशनी में फरियाद सुनी और आवेदन लेकर सुबह आने की बात कही। वहीं, एक एसआई मोबाइल फोन की रौशनी से एफआईआर लिख रहे थे। पुलिस ने बताया कि थाने में कुछ वर्ष पूर्व जेनरेटर दिया गया है लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं किया गया है, इसके कारण बिजली जाने के बाद अंधेरा छाया रहता है। थाना प्रभारी के कार्यालय से लेकर स्टाफ रूम तक अंधेरा छा जाता है और तो और यदि कोई पीड़ित आ जाए तो उसकी रिपोर्ट या तो मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट जलाकर लिखी जाती या फिर कार्यालय से बाहर लिखी जाती है। अकबरनगर थाना में सौर ऊर्जा की व्यवस्था है जो केवल 16 सीसीटीवी कैमरे को संचालित करती है। थाने में एक इनवर्टर तक नहीं है। विभाग से एक जेनरेटर दिया गया है लेकिन अबतक कनेक्शन नहीं होने से थाना में वह शोभा की वस्तु बना हुआ है। बिजली चली जाए तो पूरा थाना अंधकार में डूब जाता है। इस दौरान कई थाना प्रभारी आए और कई चले गए पर किसी ने थाने में इनवर्टर लगाने की जहमत नहीं उठाई। बिजली नहीं रहने से पुलिसकर्मियों को भीषण गर्मी में पेयजल के साथ-साथ पंखे नहीं चलने से समस्या उत्पन्न होती है।



## सीकेएम लॉ कॉलेज पंचवर्षीय विधि स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्रा इनरोलमेंट प्राप्ति को लेकर बैठे धरना पर

बिहार पत्रिका। अररिया

अररिया सीकेएम लॉ कॉलेज के पंचवर्षीय विधि स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्रा इनरोलमेंट प्राप्ति को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं।जिसमे दूर दराज क्षेत्र सहित अन्य जिलों के चार दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हैं।बार काउंसिल ऑफ इंडिया से इनरोलमेंट नंबर नहीं मिलने के कारण पांच वर्ष वाले कोर्स को पूरा कर उत्तीर्ण होने के बावजूद छात्र छात्रा को कहीं मान्यता नहीं मिल रही है,जिसके कारण छात्रों का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है।इसी आलोक इनरोलमेंट संख्या प्राप्ति को लेकर पांच वर्षीय उत्तीर्ण छात्र छात्रा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन बैठ गए हैं और जब तक इनरोलमेंट नंबर नहीं मिल जाता तबतक धरना प्रदर्शन में बैठे रहने की धमकी दी है।




सीएम लॉ कॉलेज परिसर में बैठे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में अफरोज खान, रोहित दास, मो. शकील अहमद, प्रकाश कुमार यादव, परमेश्वर झा, राज रितेश, मो.नसीम अख्तर, अभिमन्यु कुमार यादव, आनंद मोहन झा, अनवर खान, सुरेंद्र कुमार, राजीव कुमार रंजन, अलख निरंजन भारती, उत्पल पराशर, अल्ताफ राजा, नूर अहमद, असराउल हक, सुशील राम, संगीता कुमारी, प्रियंजलि सिंह, सोनी झा, तन्मय सिंह, हेमलता कुमारी, नीलू देवी, अंजली ठाकुर, रूबी कुमारी सहित चार दर्जन से अधिक छात्र छात्राएं धरना पर हैं।

**नियोजित शिक्षकों को मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का साथ**

# नियोजित शिक्षकों को अविलंब राज्यकर्मी दर्जा नहीं मिला तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन

बिहार पत्रिका। अररिया

बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय अररिया में नयी शिक्षक नियमावली के विरुद्ध में एवं नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिलाने के समर्थन में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अब्दुल कुद्दुस के नेतृत्व में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के विरोध में नारेबाजी की।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा तथा उसे मुख्यमंत्री तक भेजने का अनुरोध किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संघ के अध्यक्ष अब्दुल कुद्दुस ने कहा कि बिहार सरकार ने शिक्षकों की नयी नियमावली लाकर पूर्व से बहाल शिक्षकों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है।



महागठबंधन की सरकार ने चुनाव में घोषणा किया था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम नियोजित शिक्षकों को पूर्ण वेतनमान, राज्यकर्मी का दर्जा एवं पुरानी पेंशन देंगे।

इसी आश्वासन पर पूरे बिहार के चार लाख शिक्षक एवं उनके बीस लाख परिवार का वोट महागठबंधन को मिला था और राजद सबसे बड़ी पार्टी बनी थी और आज जब सत्ता में है तो वादे से मुकर गई है।

अब्दुल कुद्दुस ने जोर देकर कहा कि जल्द नीतीश-तेजस्वी की सरकार नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान नहीं करती है तो सरकार को इसका बड़ा खामियाज़ा चुनाव में भुगताना पड़ेगा। शिक्षक अगर किसी पार्टी को सत्ता में ला सकती हैं तो उसे सत्ता से हटाने का जज्बा भी रखती है।

इसलिए सरकार को चाहिए कि अविलंब नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान करे और नियमावली में संशोधन करे अन्यथा प्राथमिक शिक्षक संघ राज्यव्यापी आन्दोलन करने के लिए विवश हो जायेंगे ,जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सरकार की होगी।

जिन अन्य मांगों को लेकर धरना दिया गया उसमे मुख्य रूप से सहायक शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ, केन्द्र के अनुरूप 25 प्रतिशत से अधिक डीए होने के उपरांत एचआरए में वृद्धि का लाभ, वरीयता एवं प्रमोशन का लाभ आदि शामिल है।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अब्दुल कुद्दुस, बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रशांत कुमार, शिक्षक नेता शशिकांत मंडल, जुन्नुन मिश्री, संजीव ठाकुर, इमरान आलम, आशिकुर्रहमान, शारदा झा, संतोष कुमार, रविकांत रवि, सीरत बेगम, कुलदीप कुश, मो मोजाहीद, अफरोज आलम, रवि प्रकाश, ज्योतिष कुमार झा, आशिष कुमार, गिरानंद ऋषिदेव आदि दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।



## कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

अमित कुमार झा। बिहार पत्रिका

**बांका।** जिलांतर्गत रजौन प्रखंड के पड़घड़ी- लकड़ा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर- 01 धर्मायचक गांव में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ कलश शोभायात्रा के साथ मंगलवार 25 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। कलश शोभायात्रा यज्ञस्थल ठाकुर टोला धर्मायचक गांव से निकलकर गौतार, चकपरासी, लकड़ा, दौना, झिकटा गांव होते हुए पुरौंधा सरोवर पहुंचकर कलश में जल भरते हुए वापस यज्ञस्थल पहुंचा। इस दौरान गाजे-बाजे व आकर्षक झांकियों के बीच 251 महिलाएं, युवतियां, किशोरियां अपने माथे पर कलश लेकर जयघोष लगाते हुए शामिल हुए। वहीं कलश शोभायात्रा का शुभारंभ सभी माताओं- बहनों के माथे पर पवित्र कलश देकर गृह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह जदयू राज्य परिषद सदस्य मनोज सिंह, दक्षिण जिला परिषद सदस्य मुकेश कुमार सिंह ने किया।

इस सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आचार्य कुमोद ठाकुर व उनकी धर्मपत्नी पिंकी देवी को बनाया गया है। वहीं कथावाचक के रूप में खैरा ग्राम निवासी पंडित गिरधर पाठक हैं। कलश शोभायात्रा में निकले धर्मप्रेमियों का स्वागत गौतार, चकपरासी गांव में उप- मुखिया विनीता देवी, उप- मुखिया प्रतिनिधि श्याम सिंह, चीकू सिंह, ओंकार सिंह, बजरंगी सिंह, लकड़ा काली मंदिर परिसर में पिंकू उर्फ पंकज कुमार सिंह, पंचायत भवन लकड़ा परिसर में कुंदन यादव एवं झिकटा गांव में विदुर सिंह, चंदन सिंह सहित अन्य धर्मप्रेमी ग्रामवासियों द्वारा मीठा जल आदि पिलाकर सेवा सत्कार किया जा रहा था। वहीं यहां प्रतिदिन कथा सुबह 9 से 12 बजे एवं सायं 8 बजे से 11 बजे तक दो पाली में होगा। इस श्रीमद्भागवत कथा को लेकर पूरे गांव सहित आसपास के गांवों में भक्ति भावना का माहौल बना हुआ है।

## मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ का एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित

बिहार पत्रिका, अररिया

बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ पटना के आह्वान पर मंगलवार को एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर अपना बिरोध प्रदर्शन करते हुए धरना के कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रखण्ड मुख्यालय फारबिसगंज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल प्राथमिक शिक्षक संघ फारबिसगंज के अध्यक्ष विद्यानंद पासवान ने किया। जिसमें इनकी मुख्य माँग सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन,के साथ अध्यापक नियुक्ति नियमावली दो हजार तीस से आच्छादित करने से सम्बंधित संसोधन सहित, छठे वेतन आयोग के अनुशंसा के आलोक में एक एक दो हजार छह से सभी सहायक ,स्नातक, शिक्षको को शिडुल्य दो के अनुरूप ग्रेड पे के हिसाब से प्रवेश वेतन, सहित कुल आठ सूत्री माँगो का ज्ञापन प्रखण्ड बिकाश पदाधिकारी फारबिसगंज को सौपा गया। इस मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष विद्यानन्द पासवान ,अभिषेक रंजन प्रमंडलीय अंकेक्षक, रमेश साह प्रमंडलीय अध्यक्ष, मिथलेश ठाकुर जिला उपाध्याय,



अखलेस दे०, रुंजय कुमार, संजीव झा उपसचिव, शिवराम यादव , विकाश कुमार, मोहम्मद एहतिशाम, अब्दुल्ला, मोहम्मद ,संजय कुमार, मौज़म्मिल ,आशुतोष कुमार जफर इमाम, भवेश झा, चंदन सिंह, ज्योति कुमारी,बन्दना कुमारी ,मीरा झा जिला सचिव, शैलेश सिंह, राकेश कुमार, विमल सिंह, चंदन मिश्रा,सुनील चौरसिया दिवाकर कुमार ,रंजेश कुमार, श्यामानंद पासवान, इत्यादि उपस्थित थे।

## रेलवे एक्ट के तहत अभियान चलाकर कुल 17 लोगों को किया गया गिरफ्तार

बिहार पत्रिका। मों साजिद

खगड़िया के निरीक्षक प्रभारी अरविंद कुमार राम साथ सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार , आरक्षी विक्रम कुमार आजाद , आरक्षी सज्जन कुमार द्वारा रेलवे एक्ट के तहत अभियान चलाकर कुल 17 लोगों को खगड़िया स्टेशन से गिरफ्तार किया गया, जिसमें 12 लोगों को महिला बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा करते हुए, चार लोगों को खगड़िया स्टेशन में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने पर गिरफ्तार किया गया, जबकि एक व्यक्ति को फाटक संख्या 24 पर बंद फाटक में मोटरसाइकिल लेकर प्रवेश करने के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार 17 व्यक्तियों को माननीय न्यायालय रेलवे खगड़िया में मुकदमा दर्ज करने के पश्चात प्रस्तुत किया गया है । खगड़िया ऋक्ष अष्टमी रक्षक अरविंद कुमार राम ने बताया कि कानून को उल्लंघन करने वाले पर कार्रवाई होगी चाहे कोई भी हो कानून सबके लिए बराबर है बताते चलें कि मंगलवार को आरपीएफ लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार करके न्यायालय रेलवे खगड़िया में मुकदमा दर्ज कराया गया अरविंद कुमार ने मीडिया कर्मियों को जानकारी दी। कानून उल्लंघन करने वाले या आपराधिक तत्व के लोग जो रेलवे की संपत्ति एवं रेलवे के कानून को नहीं मानता है उसको बख्शा नहीं जाएगा उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## भूदेव चौधरी दूसरी बार बनें राजद प्रदेश उपाध्यक्ष

अमित कुमार झा। बिहार पत्रिका

बांका। धोरैया विधानसभा के विधायक भूदेव चौधरी को दूसरी बार राजद प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किए जाने पर प्रखंड के राजद समर्थकों में हर्ष का माहौल है, इसको लेकर प्रखंड के राजद समर्थकों ने विधायक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। इधर विधायक ने कहा कि उनके ऊपर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। बांका-भागलपुर सहित समूचे प्रदेश में राजद संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को समाज के सभी तबकों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है, साथ ही राजद पार्टी में ए टू जेड वर्गों को जोड़ना है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत करने के लिए उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद प्रसाद, उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के प्रति आभार प्रकट किया है। इनके मनोनयन पर राजद प्रखंड अध्यक्ष बबलू सिंह चंद्रवंशी,



राजद के वरिष्ठ नेता महेश्वरी यादव मलय, पवित्र प्रसाद उर्फ पप्पू यादव, मुखिया भैरो कुशवाहा, रणधीर यादव, उदय सिंह कुशवाहा, सुरेश यादव, युवा नेता नयन सिंह नटवर, संजय झा, पप्पू कुमार सुमन, दिवाकर यादव, परशुराम हरिजन, अनिल चंद्रवंशी, विष्णुदेव ठाकुर, प्रमोद यादव, सुबोध यादव, सतीश यादव, संजय यादव, मिलन यादव, अनिल कापरी, अंबिका चंद्रवंशी, गुलशन राजपूत, स्कंद कुमार, उमाशंकर कुशवाहा, कृष्णदेव कुमार, गौरव कुमार, रामविलास पासवान, गौरी यादव, सुमित कुमार आदि ने बधाई दिया है।

## गोगरी बीडीओ ने किया चिकित्सा अस्पताल का औचक निरीक्षण

बिहार पत्रिका, मों साजिद

**गोगरी।** BDO राजा राम पंडित ने मंगलवार को चिकित्सा अस्पताल का किया। औचक निरीक्षण में काफी अनियमितता पाया गया। BDO राजा राम पंडित में चिकित्सा अस्पताल का निरीक्षण अनियमितता पाने जम-कर फटकार लगाएं चिकित्सा कर्मी पर जानकारी के अनुसार बता दें कि कई दवा का कभी कमी पाया गया बता दें कि राजाराम पंडित को जनता से कई बार शिकायत मिल चुकी थी कि चिकित्सालय में दवाई का अभाव रहता है... स्टाफ सही से काम नहीं करती ऋक्ष्ह सख्त हिदायत दी पशु चिकित्सा कर्मी को किसी भी तरह की लापरवाही बरती जाएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## हांडी में मछली ले जा रहे 03 व्यक्ति यों को क्ऋ्स और कमर्शियल विभाग के सहयोग से किया गया जुर्माना

बिहार पत्रिका, मों साजिद

**खगड़िया** स्टेशन पर RPF के द्वारा अभियान चलाकर हांडी में मछली ले जा रहे 03 व्यक्तियों को कमर्शियल विभाग के सहयोग से फाइन कराया गया । कुल 3 व्यक्तियों को 2670 /- रुपए का फाइन कराया गया । यह लोग हाडी में मछली लेकर बिना बुक कराए किसी ट्रेन से जाने के फिराक में थे। बताते चलें कि मछली विक्रेता आए दिन इस तरह का हरकत करते रहते हैं जो कि गैरकानूनी है

रेलवे पुलिस और कमर्शियल विभाग विभाग ने बताया कि नियम कानून को ना तोरे नहीं तो जिस तरफ फाइन आज आपका काटा गया ठीक उसी तरह सब का फाइंड फटा जाएगा कानून सबके लिए बराबर है रेलवे का जो एक्ट कानून है उसके अनुसार आप मछली को ले जा सकते हैं ना ला सकते हैं लेकिन कानून के अनुसार काम करें उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष नंबर 06244-22238) सक्रिय, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, आमजनों की 26 शिकायतें दर्ज

बिहार पत्रिका। खगड़िया

जिलाधिकारी श्री अमित कुमार पांडेय ने जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार खगड़िया जिला में आमजनों के शिकायतों के ससमय निष्पादन, आपदा, विधि व्यवस्था, अन्य विविध कार्यों के सुचारू संचालन पर निगरानी हेतु जिला नियंत्रण कक्ष स्थाई रूप से स्थापित किया गया गया है।

जिला नियंत्रण कक्ष सह जिला हेल्पलाइन नंबर (दूरभाष संख्या 06244-222384) पर लोग अपनी शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज करा सकते हैं तथा इन समस्याओं और शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष में चक्रानुसार प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षीय पदाधिकारियों, लिपिकों, डाटा एंट्री ऑपरेटरों एवं कार्यपालक सहायकों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

नियंत्रण कक्ष प्रथम पारी में 6ः00 बजे पूर्वाह्न से 2ः00 अपराह्न तक, द्वितीय पारी में 2ः00 अपराह्न से 10ः00 अपराह्न तक एवं तृतीय पारी में 10ः00 अपराह्न से 6ः00 बजे पूर्वाह्न तक निरंतर कार्यरत रहेगा। रविवार एवं अन्य अवकाश के दिन भी नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा।



जिलाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष के निरीक्षण में शिकायत पंजिका भी अवलोकन किया एवं पाया कि जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मियों द्वारा प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों को तिथिवार समय के साथ पंजी में दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता के नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर और पता के साथ उनकी शिकायत का विवरण दर्ज की गई थी एवं प्राप्त शिकायतों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा चुका था।

निरीक्षण के समय तक 26 शिकायतें दर्ज की गई थीं।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री संतोष कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, खगड़िया श्री नवाजिश अख्तर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी श्री हेमंत कुमार सहित द्वितीय पाली में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## भागलपुर की सुप्रिया रंजन को मिला ब्रांड एंबेसडर पुरस्कार

अमित कुमार झा


**भागलपुर।** बिहार। सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सुल्तानगंज प्रखंड नवादा पंचायत के नवादा गांव की रहने वाली सुप्रिया रंजन को ग्लोरियस इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्रांड एंबेसडर का पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व में भी 2010 ई. में ग्लोरियस मिस इंडिया वर्ल्ड का भी पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया था। सुप्रिया रंजन को ग्लोरियस इंटरटेनमेंट प्राइवेट कंपनी के द्वारा ब्रांड एंबेसडर का पुरस्कार मिलने पर सुल्तानगंज प्रखंड सहित नवादा पंचायत के नवादा गांव में खुशी की लहर देखी गई। वहीं नवादा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर मंडल, सरपंच ममता देवी, जन सांसद के संरक्षक अजीत कुमार, पूर्व लोजपा प्रखंड अध्यक्ष नीरज पासवान ने सुप्रिया रंजन को ग्लोरियस कंपनी के द्वारा ब्रांड एंबेसडर का पुरस्कार मिलने पर बुके देकर भव्य स्वागत करते हुए बधाई दिया। साथ ही सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए आशीर्वाद दिए। इस दौरान नवादा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर मंडल ने कहा कि सुप्रिया रंजन को कंपनी के द्वारा ब्रांड एम्बेसडर का पुरस्कार मिला है, इस दौरान सुप्रिया रंजन ने पत्रकारों को बताया कि 9 अप्रैल को पटना के एबीआर होटल राजा बाजार में ग्लोरियस इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर अंजु कुमारी, जज अर्जुन यादव, प्रभात रंजन, डॉक्टर राजेश मेहता के द्वारा ब्रांड एंबेसडर का पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया है। जो कंपनी द्वारा मुझे ब्रांड एंबेसडर का पुरस्कार देने पर यह श्रेय कंपनी के सभी जजमेंट को दिया गया। और आगे का लक्ष्य के सवाल पर कहा कि अच्छे चांस मिलेगा तो कार्य करने की बात कही।




करनाल में सोमवार को एनडीआरआई के 19वें दीक्षांत समारोह के लिए पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल। साथ में हैं हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।



मैसूर के श्री चामुंडेश्वरी मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।



रुद्रप्रयाग जिले में सोमवार को कपाट खुलने से पहले केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाते कार्यकर्ता।





जॉर्जटाउन (गुयाना) में सोमवार को महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते विदेशमंत्री एस. जयशंकर।



श्रीनगर के रामबाग के नूरसिंह गढ़ इलाके में सोमवार को एनआईए के अधिकारियों ने हिज्बुल मुजाहिदीन प्रमुख मोहम्मद यूसुफ शाह के बेटे शकील अहमद शाह की संपत्तियों को कुर्क करने का नोटिस लगाया। शकील अहमद शाह यूएपीए अधिनियम 1967 के तहत आरोपी है।

पश्चिम मिदनापुर जिले के कलाईकुंडा फोर्स स्टेशन पर सोमवार को संयुक्त हवाई अभ्यास से पहले तस्वीर खिंचवाते भारतीय और अमेरिकी वायुसेना के जवान।



चिकमगलूर : आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सोमवार को बैलगाड़ी जुलूस निकालते जिला प्रशासन के अधिकारी।



तिरुवनंतपुरम में सोमवार को वेल्लयानी देवी मंदिर में 'कालीयूट्टु' उत्सव के दौरान 'निलाथिलपोरू' अनुष्ठान करते पुजारी।





नई दिल्ली : जंतर मंतर पर सोमवार को अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान पहलवान विनेश फोगाट और साक्षी मलिक।

## द यलो डायरी पेश करता है मुझे मेरे नाम से, एक मधुर गीत

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद द यलो डायरी ने अपने नए सिंगल - मुझे मेरे नाम से के साथ वापसी कर ली है। 5 कलाकारों के बैंड, द यलो डायरी में राजन बत्रा गीतकार और मुख्य वोकलिस्ट; हिमोंशु पारिख म्यूजिक प्रोड्यूसर, कीबोर्डिस्ट, और बैकिंग वोकलिस्ट; हर्षवर्धन गधवी गिटारिस्ट; साहिल शाह ड्रमर और स्टुअर्ट डिकोस्टा बेसिस्ट हैं। साथ में चलने वाले एनिमेटेड म्यूजिक वीडियो को एनिमेशन हरीओम वर्मा द्वारा दिया गया है। यह गीत 21 अप्रैल, 2023 को सोनी म्यूजिक इंडिया द्वारा रिलीज किया जाएगा। मुझे मेरे नाम से द यलो डायरी की एक मधुर रचना है, जो व्यक्ति को सपने देखने और उत्साह से उन्हें हासिल करने की प्रेरणा देता है। संगीत के इस वीडियो में एक युवा लड़के की मर्मस्पर्शी कहानी का चित्रण किया गया है, जो अपने जीवन में आने वाली सभी मुश्किलों का सामना करते हुए आकाश में ऊँची उड़ान भरने का अपना सपना पूरा करता है। उत्साहवर्धक शब्दों में पिरोया गया यह गीत बाधाओं को पार करते हुए और हार न मानते हुए सही मार्ग की ओर बढ़ने का संदेश देता है। इस गीत और इसकी कहानी के बारे में द यलो डायरी ने कहा, मुझे मेरे नाम से की कहानी ज्यादातर लोगों के जीवन से जुड़ी है। अद्वितीय और आधुनिक साउंडस्केप में सोचने के लिए प्रेरित करने वाले काव्य के साथ संगीत पर केंद्रित रहते हुए यह एक व्यक्तिगत संदेश देने वाला गीत है। हमारे जीवन में हम सभी को कभी न कभी बुली किया गया है, हम क्या हैं, और हम क्या विकल्प चुनते हैं, उसके आधार पर हमारी छवि बना ली जाती है। इस सबके बाद भी अपने सपनों की ओर दृढ़ रहना ही मुझे मेरे नाम से का सार है। एनिमेटर हरीओम ने हमारी साउंड में बहुत ही शानदार विज्युअल्स डाले हैं, हमें उम्मीद है कि हमारा यह गीत श्रोताओं को धीरज प्रदान करेगा।




## इंडियाज बेस्ट डांसर को आखिरकार मिले 'बेहतरीन तेरह'



ऑडिशन के जबर्दस्त दौर और फिर मेगा ऑडिशन के बाद सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3' को आखिरकार अपने 'बेहतरीन तेरह' कंटेस्टेंट्स मिल गए है! ई.ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट्स - जज सोनाली बेंद्रे, गीता कपूर और टेरेंस लुइस ने आखिरकार सबसे काबिल डांस टैलेंट में से बेस्ट तेरह को चुन लिया है, जिन्होंने अपने मूव्स से साबित कर दिया कि वे इस प्रतिष्ठित मंच पर अपने हुनर को निखारने के सच्चे हकदार हैं। बेहतरीन तेरह में मध्य प्रदेश के अक्षय पाल, पश्चिम बंगाल के नोरबू तमांग और सुष्मिता तमांग, उत्तर प्रदेश की हंसवी टोंक, पश्चिम बंगाल के बूगी एलएलबी, महाराष्ट्र के समर्पण लामा, महाराष्ट्र के शिवम वानखेड़े, दिल्ली के विपुल खंडपाल, दिल्ली के अनिकेत चौहान, उत्तराखंड की अंजलि ममगाई, मध्य प्रदेश के शिवांशु सोनी, महाराष्ट्र की अपेक्षा लोंधे और पंजाब के राम बिष्ट शामिल हैं। इस वीकेंड, दर्शक इन युवा डांसर्स का बेमिसाल हुनर देखेंगे!

## गर्मी की छुट्टियों की खूबसूरत यादें ताजा कीं

गर्मियों का मौसम हमें अक्सर अपने बचपन की गर्मी की छुट्टियों की याद दिलाता है ! गर्मी की छुट्टियों को याद करते हुए, एण्डटीवी के शो ह्यदूसरी माँ में कामिनी का किरदार निभा रही प्रीती सहाय ने कहा, मुझे याद है कि दोपहर में हम कूल ड्रिंक्स बनाया करते थे, उनमें बर्फ डालते थे और अपने पैरेंट्स से छुपाकर रखते थे, क्योंकि वे हमें ज्यादा बर्फ खाने से रोका करते थे। हप्पू की उलटन पलटन में दरोगा हप्पू सिंह का किरदार निभा रहे योगेश त्रिपाठी ने कहा ,हमारे गांव में एक तालाब था, जहाँ मैं अपने कजिन्स और दोस्तों के साथ तैरता था। हम पूरी दोपहर वहीं बिताते थे, जिसके बाद अपने आम के बगीचे में जाते थे। हम आम तोड़ा करते थे और मुकाबला करते थे कि कौन सबसे ज्यादा आम तोड़ता है । उन आमों से मेरी माँ आम पना बनाया करती थीं। भाभीजी घर पर हैं में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ ने कहा ह्यह्यउन दिनों हमारे पास वक्त बर्बाद करने के लिये गैजेट्स नहीं होते थे। मनोरंजन के लिये हमारा एकमात्र साधन थे आउटडोर्स। गर्मियों के दौरान मैं परिवार के साथ पास के शहरों में जाता था, नये खेल खेलता था और दोस्तों के साथ आस-पास के बाजारों में घूमता था।



## एक्टर्स ने अपने फैंस को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित किया

किताबें पढ़ने और इसके प्रकाशन को बढ़ावा देने के लिए हर साल वर्ल्ड बुक डे मनाया जाता है । ऐसा माना जाता है कि नियमित रूप से किताबें पढ़ने से तनाव कम होता है, एकाग्रता, याददाश्त और विनम्रता बढ़ती है और कम्युनिकेशन स्किल्स में भी सुधार आता है। जी टीवी के प्यार का पहला नाम राधा मोहन में राधा के रोल में नजर आ रही निहारिका रॉय बताती हैं, मैं अपने खाली वक्त में हमेशा किताबें पढ़ती हूं। किसी भी दिलचस्प नॉवेल को पढ़कर हमेशा मुझे खुशी मिलती है और मैं थका देने वाले शूट शेड्यूल में भी तनावमुक्त महसूस करती हूं। मैं सभी को यह सलाह देना चाहूंगी कि वे महीने में कम से कम एक किताब जरूर पढ़ें। मैं हूं अपराजिता में छवि का रोल निभा रहीं अनुष्का मचंर्डे बताती हैं, जिस पहली किताब ने जिंदगी के प्रति वाकई मेरा नजरिया बदल दिया था, वो थी रिजर्ड बक की जॉनेथन लिविंगस्टन सीगल। इससे मुझे चीजों को देखने का एक नया नजरिया मिला।



## 'सपनों की छलांग' में नजर आएंगी टीवी स्टार अल्मा हुसैन

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के नए जमाने के ड्रामा 'सपनों की छलांग' में राइज़िंग टीवी स्टार अल्मा हुसैन, राधिका की रूममेट्स में से एक प्रीति ढींगरा का रोल निभा रही हैं, जो इस कहानी में आगे राधिका की जिंदगी में एक बड़ा असर करेगी। अल्मा हुसैन कहती हैं, सपनों की छलांग बड़ी खूबसूरती से हर उस लड़की की कहानी दिखाता है, जिसने सपने देखने की हिम्मत की और अपनी मंजिल को पाने के लिए विश्वास की छलांग लगाई। यह एक ऐसी कहानी है, जिससे हर कोई जुड़ सकता है और मैं इसका हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं।अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अल्मा हुसैन ने खुलासा किया, मेरा किरदार प्रीति पंजाब से है और उसका स्वभाव बड़ा प्यारा है। वो बहुत आशावादी लड़की है, जिसके चेहरे पर हमेशा मुस्कान खिली रहती है और वो दूसरों की परवाह करती है क्योंकि वो सभी की खुशी चाहती है।





## मौनी रॉय की बिकीनी फोटो लाइक करके फंसे थे अश्नीर ग्रोवर, बीवी के खौफ से दिशा भी अनफॉलो

शार्क टैंक इंडिया के जज रह चुके अश्नीर ग्रोवर की एक मजेदार क्लिप वायरल हो रही है। इसमें वह बता रहे हैं कि उन्हें अपनी पत्नी का इतना खौफ है कि कई ऐक्ट्रेसस के अकाउंट अनफॉलो करने पड़े। इनमें एक नाम दिशा पाटनी का भी है। इंट्रेस्टिंग बात यह है कि अश्नीर मौनी रॉय की एक फोटो लाइक करके बीवी की नजर में चढ़ गए थे। इस फोटो में मौनी ने बिकीनी पहन रखी थी। अश्नीर ने अमृता राव और उनके पति आरजे अनमोल को यह घटना बताई।

### कोचिंग में मिले थे अश्नीर

भारतपे के को-फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर अश्नीर ग्रोवर शार्क टैंक इंडिया के पहले सीजन के जज रह चुके हैं। अमृता राव और उनके पति आरजे अनमोल के यूट्यूब शो अश्नीर ने बताया कि वह अपनी पत्नी से कैसे मिले थे। अश्नीर और माधुरी की शादी को 17 साल हो चुके हैं और उनके दो बच्चे हैं। अश्नीर दिल्ली में कोचिंग के दौरान माधुरी से मिले थे। उन्होंने शो पर बताया कि वह अपनी पत्नी से वाकई डरते हैं।

### भड़क गई पत्नी

अश्नीर ने बताया, मैं बहुत डर जाता हूं। एक दिन मैंने मौनी रॉय का एक फोटो लाइक कर दिया। मैं इंस्टाग्राम पर बहुत कम लोगों को फॉलो करता हूं। करीब 60 लोग होंगे। उनमें से मैं मौनी रॉय को भी फॉलो कर रहा था। मौनी रॉय में बिकीनी में एक फोटो डाली। मैंने लाइक कर दी। वहां बैठीं उनकी वाइफ बीच में बोलती हैं, आप ही बताओ ये लाइक करना बनता है?





## खतरों का सामना करने को तैयार अर्चना गौतम

कलर्स का स्टंट-आधारित रियलिटी शो, खतरों के खिलाड़ी अपने 13वें सीजन के साथ शानदार वापसी कर रहा है। अर्चना गौतम खतरों के खिलाड़ी 13 में अपनी ताकत दिखाने और साहस की बुनियादी चुनौती लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस स्टंट-आधारित शो में शामिल होने को लेकर उत्साहित, बिग बॉस 16 फेम अर्चना कहती हैं, मैं मेरे प्रशंसकों से मिले प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं, और मैं खतरों के खिलाड़ी 13 के साथ स्क्रीन पर वापस आने के लिए रोमांचित हूं। बिग बॉस 16 में बिताए गए अपने समय से, मैंने बहादुरी और दृढ़ता के महत्व को समझा है, और मैं इस नई चुनौती में भी कभी न हार मानने वाली वह भावना लाने के लिए तैयार हूं। अपने ह्यूमर और बुद्धि से, मुझे उम्मीद है कि मैं दर्शकों का मनोरंजन करूंगी और उन्हें अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करूंगी। मैं इस सफर को शुरू करने और शो में विजयी होने को लेकर उत्साहित हूं!

## अपने बोल्ड लुक की वजह से ट्रोल हुईं नेहा शर्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस और उनका फैशन हमेशा चर्चा का विषय रहता है। इस वक्त बॉलीवुड में हो रहे अलग-अलग इवेंट्स और कई सिने स्टार्स के पहने हुए कपड़ों को लेकर काफी चर्चा हो रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा को हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक इवेंट के दौरान इस ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है। नेहा शर्मा ने हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में भाग लिया और अपने हॉट और बोल्ड आउटफिट से कई लोगों का ध्यान खींचा। रैंपवॉक के लिए नेहा शर्मा ने पीले रंग का डिजाइनर लहंगा पहना था। नेटिजेंस ने नेहा को ट्रोल करना शुरू कर दिया है, क्योंकि उनके ऊपर पहना गया टॉप काफी बोल्ड है। नेहा इस आउटफिट में बेहद बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। नेहा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया है। कुछ ने नेहा के फैशन की तारीफ की है तो कई लोगों ने नेहा की आलोचना की है। नेहा के रिवीलिंग आउटफिट को देखकर नेटिजन्स ने कमेंट किया है कि वह उर्फी जावेद की कॉपी हैं। एक यूजर ने लिखा, "क्या अच्छा दिखने के लिए ऐसे कपड़े पहनना अनिवार्य है?" एक दूसरे यूजर ने लिखा, "अश्लीलता का ट्रेंड चल रहा है।" तीसरे ने लिखा, "मुझे लगता है अब सबको पता है कि अगर लाइमलाइट में आना है तो बस एक काम करो कपड़े कम पहनो और दांत ज्यादा दिखाओ।" नेहा शर्मा और उनकी बहन आयशा शर्मा दोनों ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके जिम लुक की तस्वीरें भी काफी वायरल होती रही हैं। नेहा शर्मा अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म "जोगीरा सारा" में नजर आएंगी।





## यो यो हनी सिंह को पसंद थी हेल्दी शहनाज!




बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह इन दिनों अपने कमबैक म्यूजिक एल्बम हनी सिंह 3.0 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में हनी सिंह ने बिग बॉस 13 फेम और एक्ट्रेस शहनाज गिल के टॉक शो "देसी वाइब्स" में हिस्सा लिया। इसी बीच यो यो हनी सिंह ने शहनाज गिल के बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन पर खुलकर कमेंट किया है। हनी सिंह के मुताबिक इस ट्रांसफॉर्मेशन से पहले शहनाज काफी अच्छी दिखती थीं।



## शिल्पा शेट्टी ने मैंगलोर ट्रिप का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी मैंगलोर ट्रिप का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। शिल्पा शेट्टी अपने होम टाउन मैंगलोर पहुंची। मैंगलोर में उन्होंने कतील श्री दुर्गापरमेश्वरी मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।उन्होंने अपनी मैंगलोर ट्रिप का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, मैं अपनी नेटिव प्लेस मैंगलोर वापस आई हूं। यहां मैं अपनी कुलदेवी कतील श्री दुर्गापरमेश्वरी को प्रणाम करने और अपने बच्चों को मैंगलोर के कल्चर से परिचित कराने आई हूं। अपनी संस्कृति पर मुझे गर्व है।



## मनोज बाजपेयी की फिल्म बंदा का पोस्टर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी की आने वाली फिल्म बंदा का पोस्टर रिलीज हो गया है। मनोज बाजपेयी ने अपनी आने वाली फिल्म बंदा का ऐलान किया है, इसके साथ ही उन्होंने फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया है। उन्होंने ट्विटर अकाउंट पर फिल्म बंदा का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, जब बात हो इंसाफ की सिर्फ एक ही बंदा काफी है। उन्होंने बताया कि फिल्म बंदा की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म बंदा में मनोज बाजपेयी में एक प्रतिष्ठित लॉयर के किरदार में नजर आएंगे, जो सच्चाई और न्याय के लिए सभी बाधाओं से अकेले लड़ने का बीड़ा उठाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक कृष्णा टेकरीवाल ने दैनिक बिहार पत्रिका प्रेस, कदमकुआं, पटना-3 बिहार से छपवाकर दैनिक बिहार पत्रिका, पता- कंकड़बाग, पटना-3, पटना, बिहार से प्रकाशित किया। सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र पटना होगा। मोबाइल नंबर : 9801716267